पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

***

**केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ‘वर्ल्ड यूथ स्किल डे’ पर शुभकामनाएँ दी**

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए ‘स्किल इंडिया मिशन’ को आज पाँच वर्ष हो गए हैं- श्री अमित शाह**

**श्री अमित शाह ने कहा ‘स्किल इंडिया मिशन’ ने देश के युवाओं मे उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है**

**स्किल इंडिया नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, यह निश्चित रूप से पीएम मोदी के आत्मानिर्भर भारत के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा -श्री अमित शाह**

15 जुलाई 2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ‘वर्ल्ड यूथ स्किल डे’ (विश्व युवा कौशल दिवस) पर शुभकामनाएँ दी हैं। अपने ट्वीट संदेश में श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए ‘स्किल इंडिया मिशन’ को भी आज पाँच वर्ष हो गए हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ‘स्किल इंडिया मिशन' देश के युवाओं को सही स्किल सेट प्रदान करके उनकी आंतरिक क्षमता में वृद्धि कर उन्हें सशक्त बना रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि पिछले पाँच साल मे ‘स्किल इंडिया मिशन’ ने देश के युवाओं मे उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ‘स्किल इंडिया नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, मुझे पूरा विश्वास कि यह निश्चित रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मानिर्भर भारत के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा’।

स्किल इंडिया भारत सरकार की एक पहल है, जो देश के युवाओं को उनके कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है जो उन्हें अपने कार्य परिवेश में अधिक रोजगारपरक और अधिक उत्पादक बनाते हैं। स्किल इंडिया कार्यक्रम के तहत कई क्षेत्रों में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं जो राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के तहत उद्योग और सरकार दोनों द्वारा मान्यता प्राप्त मानकों से संबद्ध हैं।

https://twitter.com/AmitShah/status/1283300343191764992?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1283300433683865601?s=20

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी